# प्रदेश में हुये अलग-अलग सड़क हादसों में दस लोगों की मौत, 23 जने घायल

**जयपुर के चंदवाजी थाना इलाके में, जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाइवे-125 पर व सूरतगढ़-छतरगढ़ मार्ग पर हुये हादसे**

## चंदवाजी में सड़क पर खड़े कंटेनर में कार घुसी, तीन की मौत, सात घायल

**मानपुरा माचैड़ी,** (निसं)। जयपुर-दिल्ली नेशनल हाइवे-48 पर मंगलवार को चंदवाजी थाना इलाके में बीलपुर के पास जयपुर से दिल्ली की ओर जा रही एक कार सड़क पर खड़े कंटेनर में घुस गई। कंटेनर में घुसी

- **कार सवार सभी लोग उतर प्रदेश के डिबलूगंज निवासी थे और खाटू श्यामजी दर्शन कर वापस लौट रहे थे**
- **प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की स्पीड ज्यादा थी, कार सवार महिला व अन्य लोग उसमें ही फंस गए**

कार पूरी तरह से पिचक गई और कार में सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई व बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। कार में महिलाएं व बच्चे भी सवार थे। हादसे में कार सवार मां-बेटे और बहू की मौके पर ही मौत हो गई। खड़े कंटेनर में घुसी कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से खत्म हो गया। हादसे में कार सवार सात लोग गंभीर घायल हुए हैं। इनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की स्पीड ज्यादा थी। कार में सवार महिला और अन्य लोग उसमें ही फंस गए। हादसा चंदवाजी पुलिया से एक किलोमीटर पहले हाइवे पर बिलपुर में हुआ। जयपुर की ओर से एक कार दिल्ली की तरफ जा रही थी। कार में



चंदवाजी थाना इलाके में बीलपुर के पास एक कार सड़क पर खड़े कंटेनर में घुस गई।

महिला-बच्चों सहित 8 जने सवार थे। हाइवे पर किनारे खड़े कंटेनर में अचानक आउट ऑफ कंट्रोल होकर कार पीछे से घुस गई। कार में फंसे घायलों को गंभीर हालत में निम्स हॉस्पिटल भिजवाया, जहां डॉक्टर्स ने वाराणसी के डिबुलगंज की रहने वाली पूजा सिंह पत्नी विवेक कुमार, बसंती पत्नी हरिशंकर, विवेक कुमार पुत्र हरिशंकर को मृत घोषित कर दिया। तेज स्पीड में हुई टक्कर के कारण कार का इंजन बाहर निकल गया। अगला हिस्सा लगभग दो टुकड़ों में बंट गया।

**7 लोग गंभीर घायल :-** पुलिस के अनुसार कार सवार परिवार खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस लौट रहा था। हादसे में कार में बैठे विकास (34) पुत्र हरिशंकर, आदिति (34) पत्नी विकास कुमार, निकी पत्नी (28) अवध बिहारी, सिबू (2) पुत्र विवेक कुमार, कुकु (18 महीने) पुत्री विकास कुमार घायल हुए हैं। ये सभी लोग डिबुलगंज (वाराणसी) के रहने वाले हैं। वहीं, अंशू (19) पुत्री प्रेम कुमार, दीपराज (23) पुत्र प्रेमकुमार निवासी फूला रायबरेली के रहने वाले हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और कंटनेर को जब्त कर लिया है। आशंका है कि ओवर स्पीड के साथ ही कार ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ है।

चंदवाजी थाना प्रभारी हीरालाल सैनी ने बताया कि कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के डिबलूगंज (बनारस) निवासी थे और खाटूश्यामजी दर्शन कर वापस लौट रहे थे। जयपुर की ओर से एक कार दिल्ली की तरफ जा रही थी। हाईवे पर पहले से खड़े कंटेनर में कार पीछे से घुस गई।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा युवक घायल हो गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सविना थानाक्षैत्र मेलड़ी माता हाईवे रोड़ पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मेघवालों का मोहल्ला सराड़ा सलूम्बर निवासी अर्जुन पुत्र शंकरलाल मेघवाल की मौत हो गई तथा साथी दिपेश पुत्र रतनलाल निवासी जूथरी सिमलवाड़ा डूंगरपुर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। अर्जुन व दिपेश दोनों बाइक पर वलिचा से प्रतापनगर की तरफ जा रहे थे। जहां बीच रास्तें में पिछे से आ रहे ट्रक से हादसा हो गया ।सूचना मिलने पर हेड कांस्टेंबल अमरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## जोधपुर में बस-ट्रेलर की टक्कर में चार लोगों की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में बस और ट्रेलर की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई और 16 जने घायल हो गए। हादसा जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाइवे-125 पर केरु गांव में मुलानाडा रॉयल्टी नाके के पास मंगलवार शाम 4:30 बजे हुआ। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस से जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचाया। बस में सवार सभी लोग गुजरात के अरवल्ली जिले के रमाना रूपण गांव के रहने वाले हैं। वे रामदेवरा (जैसलमेर) में बाबा रामदेव के दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे। हादसे के दौरान एक बाइक सवार भी चपेट में आ गया। उसके पैर का पंजा कटकर अलग हो गया।

- **हादसे में 16 जने घायल हो गए, एमडीएम हॉस्पिटल में उपचार जारी**
- **रामदेवरा में बाबा रामदेव के दर्शन कर गुजरात लौट रहे थे बस सवार**

शास्त्री नगर थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि बस में 20 लोग थे। इनमें रावल विनू भाई (50) पुत्र चिमन भाई निवासी इंद्रा नगर वसानीरेल साबरकांठा, सुरेश (36) पुत्र लाला भाई निवासी तालुकाडा अरवल्ली, वीनू भाई पुत्र मारोसा और जयेश पुत्र मारोसा की मौत हो गई। बस सवार 16 घायलों का एमडीएम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**सूरतगढ़,** (निसं)। सूरतगढ़-छतरगढ़ मुख्य मार्ग पर देर रात हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली पिकअप जीप का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान मांगीलाल पुत्र कालूराम निवासी (लालगढिया) और राजाराम पुत्र किशनाराम के रूप में की गई है।

राजियासर थाना के हेड कॉन्स्टेबल रामेश्वरलाल सहारण ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक बाइक पर जा रहे थे। छतरगढ़ की दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप जीप से उनकी बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर राजियासर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का मुआयना किया और उन्हें सूरतगढ़ के उप जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मंगलवार दोपहर बाद परिजनों की उपस्थिति में दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया और फिर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि मृतक मांगीलाल के ताऊ पृथ्वीराज पुत्र लालूराम जाट ने थाने में परिवाद देते हुए पिकअप ड्राइवर पर लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का आरोप लगाया है।

## कच्ची दीवार गिरने से दिव्यांग की मौत

**सरमथुरा,** (निसं)। क्षेत्र के खरौली गांव में कच्ची दीवार गिरने से एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे हुई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय पप्पू मीना पुत्र रामभजन के रूप में हुई है। वह एक पैर से विकलांग था।

ग्रामीणों ने बताया कि पप्पू अपने घर के पास स्थित एक कच्ची दीवार को पार कर रहा था, तभी वह ढह गई और वह उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत सरमथुरा थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल पप्पू मीना को सरमथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इस दौरान अस्पताल में थाने के एएसआई लखन सिंह मौजूद रहे।

## 1100 करोड़ की सायबर ठगी करने वाले पांच शातिर गिरफ्तार

**गिरोह के तार भारत से लेकर कंबोडिया, सिंगापुर और मलेशिया तक जुड़े हुए हैं**



जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक बड़े सायबर फ्रॉड सिंडिकेट का पर्दाफाश का आरोपियों को गिरप्तार किया।

**जोधपुर/जयपुर।** जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक बड़े सायबर फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई में अब तक करीब 1100 करोड़ रुपये की ठगी का खुलासा हुआ है। इस गिरोह के तार भारत से लेकर कंबोडिया, सिंगापुर और मलेशिया तक जुड़े हुए हैं।

- **ये अपराधी भारतीय सिम काड्र्स का उपयोग कर व्हाट्सएप के जरिए लोगों से संपर्क करते थे और इन्वेस्टमेंट व ट्रेडिंग के नाम पर उन्हें अपना शिकार बनाते थे**
- **ठगी में प्रयुक्त सिमों को कंबोडिया पहुंचाने वाले चार मलेशियाई नागरिकों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया**

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के निर्देशन में हुई इस जांच में सामने आया कि ठगों का मुख्य अड्डा कंबोडिया में है। ये अपराधी भारतीय सिम काड्र्स का उपयोग कर व्हाट्सएप के जरिए लोगों से संपर्क करते थे और इन्वेस्टमेंट व ट्रेडिंग के नाम पर उन्हें अपना शिकार बनाते थे। तकनीकी विश्लेषण में पाया गया कि ये भारतीय सिम कंबोडिया के प्रीह सिहानोक जैसे इलाकों में एक्टिव थी।

**सिम कार्ड की तस्करी और रिवर्स ट्रेल से खुला राज :-**पुलिस ने जब संदिग्ध सिमों की रिवर्स ट्रेल और डेटा विश्लेषण किया। जांच में करीब 2.30 लाख मोबाइल सिम का डेटा खंगाला गया। भारतीय सायबर क्राइम समन्वय केंद्र (4) की मदद से पता चला कि लगभग 36,000 भारतीय सिमें कंबोडिया में रोमिंग पर चल रही थी। इनमें से केवल 5,300 सिमों के जरिए ही देश के विभिन्न राज्यों में 1100 करोड़ की ठगी को अंजाम दिया गया।

**ऐसे बनाई जाती थी फर्जी सिम :-** गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद शातिर थी। गिरफ्तार आरोपी प्रकाश भील और उसके साथी मोबाइल सिम बेचने वाली दुकानों (पीओएस) पर भोले-भाले ग्राहकों को निशाना बनाते थे। ग्राहक का फिंगरप्रिंट या फोटो सही से स्कैन न होने का बहाना बनाकर वे एक के बजाय दो सिम एक्टिव कर लेते थे। ग्राहक को एक सिम दी जाती और दूसरी ये गिरोह अपने पास रख लेता था, जिसे बाद में ऊंचे दामों पर मलेशियाई नागरिकों के जरिए कंबोडिया भेजा जाता था।

पुलिस ने इस मामले में अब तक पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सिम डिस्ट्रीब्यूटर और एजेंट शामिल हैं। इनमे नागौर निवासी हेमन्त पंवार सिम डिस्ट्रीब्यूटर, रामावतार राठी सिम विक्रय एजेंट, अजमेर निवासी हरीश मालाकार, जोधपुर निवासी मोहम्मद शरीफ और लुधियाना, पंजाब निवासी संदीप भट्ट शामिल है। मामले में एक आरोपी प्रकाश भील को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। ठगी में प्रयुक्त सिमों को कंबोडिया पहुंचाने वाले चार मलेशियाई नागरिकों (ली जियान हुई, लो डी खेन, चिन यु मिंग और लियोंग केन नेथ) के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओजी) जारी किया गया है।

इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह ने पूरे भारत में जाल बिछा रखा था। महाराष्ट्र में 248.21 करोड़, तमिलनाडु में 225.50 करोड़, दिल्ली में 73.67 करोड़, तेलंगाना में 73.43 करोड़ , कर्नाटक में 71.79 करोड़, राजस्थान में 25.71 करोड़ कुल 1102 करोड़ रुपये की 5378 मोबाइल नंबरों से ठगी की गई। पुलिस अब कंबोडिया में चल रही सभी 5000 संदिग्ध सिमों और उनके व्हाट्सएप को ब्लॉक करवाने की तैयारी कर रही है। इस मामले की गहराई से जांच के लिए आयुक्तालय स्तर पर एक विशेष एसआईटी का गठन किया गया है।

## सट्टा किंग के अवैध भवन को ध्वस्त किया

**करौली,** (निसं)। पिछले लंबे समय से चर्चित रहे करौली नगर परिषद की पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र सट्टा किंग और करौली दंगा के आरोपी अमीनुद्दीन खान के अंबेडकर सर्किल स्थित अवैध तीन मंजिला भवन को नगर परिषद प्रशासन ने भारी पुलिस जाब्ता के बीच और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर परिषद की पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र अमीनुद्दीन खान ने यहां के अंबेडकर सर्किल के पास एक तीन मंजिल भवन का अवैध निर्माण किया जिसकी शिकायत पिछले लंबे समय से चली आ रही थी। गत दिनों अमीनुद्दीन खान ऑनलाइन सट्टा के आरोप में हिंडौन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद करौली में गत 2 अप्रैल 2022 को नव संवत्सर की रैली में हुए पथराव के मुख्य मास्टरमाइंड के आरोप में करौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।


**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in
क्रमांक : न0परि0क0/निविदा/2025/4612 दिनांक : 09.01.2026

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना संख्या 4263 दिनांक : 19.12.2025 की तिथिओं में निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 15.01.2026 समय 6:00 पीएम तक | 22.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 16.01.2026 समय 1:30 पीएम तक | 23.01.2026 समय 02:00 पीएम तक |

राज.संवाद/सी/25/17959 आयुक्त, नगरपरिषद, करौली

**कार्यालय नगर पालिका सीसवाली जिला बाराँ (राज.)**
क्रमांकः-न0पा0सी0/सफाई/2026/2053-54 दिनांकः- 15.01.2026

**ई-निविदा-सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 2043-44 दिनांक 13.01.2026 के द्वारा कुल 3 कार्य की अनुमानित लागत 147.76 लाख की किसी भी राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. | Work No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB30560 | 3 | DLB2526WSOB30562 |
| 2 | DLB2526WSOB30561 | | |

राज.संवाद/सी/25/18000 अधिशाषी अधिकारी

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक/निर्माण/2025-26/747 दिनांक 15.01.2026

**ई- निविदा-सूचना सं0 174/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से Construction of 5.0 MLD SPS near Petrol Pump, Nigam Road with 10 years O&M कार्य के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में नियमानुसार श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.sppp.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की अनुमानित लागत :-465.35 लाख
UBN Number :- DLB2526WSOB30627
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/18032 नगर निगम, बीकानेर

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**
क्रमांकः- 75 दिनांकः- 08.01.2026

**-:: निविदा सूचना ::-**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: न0प0बू0/निर्माण/2025-26/75 दिनांक 08/01/2026 की निविदा दिनांक 10/01/2026 से दिनांक 28/01/2026 15.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 29/01/2026 को 15.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 29/01/2026 को 16.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्तें व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2526WSOB29809, DLB2526WSOB29810, DLB2526WSOB29811, DLB2526WSOB29812, DLB2526WSOB29815, DLB2526WSOB29816, DLB2526WSOB29817, DLB2526WSOB29818, DLB2526WSOB29819, DLB2526WSOB29820, DLB2526WSOB29821, DLB2526WSOB29822, DLB2526WSOB29823, DLB2526WSOB29825, DLB2526WSOB29826, DLB2526WSOB29827, DLB2526WSOB29829, DLB2526WSOB29830, DLB2526WSOB29831, DLB2526WSOB29832, DLB2526WSOB29833, DLB2526WSOB29834, DLB2526WSOB29835, DLB2526WSOB29836, DLB2526WSOB29837, DLB2526WSOB29838, DLB2526WSOB29839, DLB2526WSOB29840, DLB2526WSOB29841, DLB2526WSOB29842, DLB2526WSOB29843 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/17946 नगर परिषद, बून्दी

Visit us: www.mpuat.ac.in; Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com; Mo. No.: 9413044271/8209938201
**कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327 001
क्रमांक: एफ( )/कृअके/2025-26/251-54 दिनांक: 19/01/2026

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 27.01.2026 प्रातः 1.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक जमा की जाकर अपराह्न 2.30 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू). | धरोहर राशि (रु.) | निविदा शुल्क (रु.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट, फार्म बांसवाड़ा पर कृषि संबंधित विभिन्न कार्य | 4,20,000.00 | 8,500.00 | 500/- |

हस्ता/-
संभागीय निदेशक अनुसंधान

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com
क्रमांक : 4653 दिनांक : 12.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों/निविदादाताओं को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली 01 वर्ष अवधि हेतु निम्न टैण्डर आमंत्रित करना चाहती हैं, जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई टैण्डरिंग के माध्यमसे ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| कुल निविदा कार्य | ट्रैक्टर ट्रॉली मय डीजल एवं ड्राईवर (ऑपरेटर) लगाने /उपलब्ध कराने का कार्य | जेसीबी मय डीजल एवं ड्राईवर (ऑपरेटर) लगाने /उपलब्ध कराने का कार्य | परिषद क्षेत्र में टैण्ट व्यवस्था का कार्य |
|---|---|---|---|
| निविदा की लागत | 25.00 लाख | 25.00 लाख | 50.00 लाख |
| धरोहर राशि | 50,000/- | 50,000/- | 98,000/- |
| निविदा शुल्क | 1000/- रूपये | 1000/- रूपये | 1000/- रूपये |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | 500/-रूपये | 500/-रूपये | 500/-रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने /डाउनलोड की तारीख | दिनांक 13.01.2026 समय 4:00पीएम से 29.01.2026 समय 6:00पीएम0 तक | | |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 29.01.2026 समय 6:00 पीएम0 तक | | |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तारीख | 30.01.2026 समय 02.30 पीएम0 | | |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in | | |
| कार्य की समयावधि | 01वर्ष | | |
| UBN. - | DLB2526SLOB30380 | DLB2526SLOB30382 | DLB2526WSOB30387 |

राज.संवाद/सी/25/17957 प्रशासक नगरपरिषद, करौली आयुक्त नगरपरिषद, करौली

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in
क्रमांक : न0परि0क0/निविदा/2025/4616 दिनांक : 09.01.2026

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना संख्या 4403 दिनांक : 19.12.2025 की तिथिओं में निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16.01.2026 समय 6:00 पीएम तक | 21.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 1:00 पीएम तक | 22.01.2026 समय 02:00 पीएम तक |

राज.संवाद/सी/25/17958 आयुक्त, नगरपरिषद, करौली

**Office of the Executive Engineer, PHED Distt Rural Div I Bikaner**
Email ID- eepheddn1bkn@gmail.com Contact No. 0151-2941473
No. 4040-4059 Date: 16.01.2026

**Notice Inviting Bid: 85-93/2025-26**

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 29.01.2026 upto 02.00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://eproc.rajasthan.gov.in and http://sppp.raj.nic.in of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 203.20 Lacs.
UBN NO. PHE2526WSOB10865, PHE2526WSOB10866, PHE2526WSOB10867, PHE2526WSOB10868, PHE2526WSOB10869, PHE2526WSOB10870, PHE2526WSOB10871, PHE2526WSOB10872, PHE2526WSOB10873
*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*
(Ram Prakash Meena)
Executive Engineer
DIPR/C/747/2026 PHED, Distt (R) Div I Bikaner

**Office of the Superintendent Engineering Watershed Development and Soil Conservation, Karauli**
File No. ()/2593-97 Date: 13.01.2026

**NOTICE INVITING BID**
**NIB NO. 35/2025-26 YEAR 2025**

Bids for Talab Talai, ECD, Mqt, LSCD, ECD, Pakka check dam, PB, Recharge shaft, RTWHS, Talab Renovation e.t.c. of PMKSY 2.0 Block-Todabhim & Mandrail estimated value INR 173.91 Lacs (94.45+79.46) are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 22.01.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).
NIB CODE: WSC2526A1307, UBN NO. WSC2526WSRC02287, WSC2526WSRC02288
Superitending Engineer
Watershed Development and Soil
DIPR/C/964/2026 Conservation Department, Karauli

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वा.अभि.विभाग नगर वृत्त कोटा**
Phone No. 0744-2501104 Email: secirele.kot.phed@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना संख्या 34 से 37/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपयुक्त पंजीकृत संवेदकों से निविदा संख्या 34 से 37/2025-26 हेतु ई-निविदा द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in एवं http.//eproc.rajasthan.gov.in पर देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। http.//eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 09.01.2026 प्रात 9.00 बजे से 22.01.2026 सायं 6.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदा दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 2.00 बजे उक्त वेबसाईट पर कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। इस निविदा सूचना संख्या 34 से 37/2025-26 में कुल 04 कार्य है, जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 130.00 लाख है।
NIB CODE NO. : PHE2526A5165, PHE2526A5166, PHE2526A5167, PHE2526A5168
UBN CODE NO. : PHE2526WSRC10575, PHE2526WSRC10576, PHE2526WSRC10577, PHE2526WSRC10578
Mobile No. : 96368-88713
(दीपक कुमार झा)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा.अभि.विभाग
DIPR/C/607/2026 नगर वृत्त कोटा

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in
क्रमांक : 4682 दिनांक : 13.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत अनुभवी संवेदकों/सप्लायर्स/प्लेसमेंट एजेंसियों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली में वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक ठेके/अनुबंध किये जाने है। जिस हेतु ई-टैण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 31.01.2026 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.raj.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| S. No. | Particulars | Detail | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Works | ऑटो टिपर/बाईक रिक्शा/डम्पर प्रेशर/रोड स्वीपर/ट्रैक्टर ड्राईवर एवं जेसीबी ऑपरेटर लगाने का कार्य | सहा0कर्म0/तामील कुलिन्दा/बागवान/चौकीदार/कनि0 सहा0 लगाने का कार्य | परिषद में कार्यालय उपयोग हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर लगाने का कार्य | परिषद में फायरमैन व फायर वाहन चालक उपलब्ध कराने का कार्य | आश्रय स्थल पर केयर गिवर्स/शैल्टर मैनेजर लगाने का कार्य |
| 2 | Estimate Cost of Tender | 25.00 | 25.00 | 20.00 | 20.00 | 4.50 |
| 3 | Earnest money (EMD) 2% | 50000/- | 50000/- | 40000/- | 40000/- | 9000/- |
| 4 | Cost of tender document (non-refundable) In favor of Commissioner Municipal Council Karauli Payable at Karauli | 1000/- | 1000/- | 1000/- | 1000/- | 500/- |
| 5 | RISL Processing Fees (non-refundable) In favor of MD RISL Payable at Jaipur. | 500/- | 500/- | 500/- | 500/- | 500/- |
| 6 | Tender Publication on official web site http;//eproc.rajasthan.gov.in | 15.01.2026 Time 2:00 PM | | | | |
| 7 | Tender download start date | Date 15.01.2026 Time 2:00 PM | | | | |
| 8 | Bid Submission start date & Time | Date 15.01.2026 Time 2:00 PM To Date 31.01.2026 Time 6:00 PM | | | | |
| 9 | Online Bid Submission End date & Time | Date 31.01.2026 Time 6:00 PM | | | | |
| 10 | Last Date Submission DD (Dimand Draft ) end Docoment | Date 02-02-2026 Time 2:30 PM | | | | |
| 11 | Technical bid opening date & Time | Date 03.02.2026 Time 2:00 PM | | | | |
| 12 | UBN No. | DLB2526SLOB30392 | DLB2526SLOB30393 | DLB2526SLOB30394 | DLB2526SLOB30395 | DLB2526SSOB30396 |

निविदादाताओं को निविदा शुल्क/बोली प्रतिभूति एवं प्रोसेसिंग फीस www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर भौतिक रूप से कार्यालय में जमा कराने पर ही निविदा को मान्य किया जावेगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। ई-टेण्डरिंग में न्यूनतम दर को स्वीकार की जायेगी।
प्रशासक नगरपरिषद, करौली आयुक्त नगरपरिषद, करौली
राज.संवाद/सी/25/17955